PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Johny Mera Naam
Year:1970

Song: Nafrat Karnealon Ke
Lyricist: Indeevar

नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ
नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ

अरे
मैं वो परवाना हूँ
पत्थर को मोम कर दूँ

नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ

फिर आप क्या है
ऐं
आख़िर तो आप
फूल है
फ़ौलाद नहीं है
अजी बुलबुल है
किसी बाग़ के
सैयाद नहीं है

बुलबुल के तड़पने से
सैयाद पिघलता है
बुलबुल के तड़पने से
सैयाद पिघलता है
आहों में असर हो तो
फ़ौलाद पिघलता है

फ़ौलाद के भी दिल में
उल्फ़त ही आग भर दूँ

अरे
मैं वो परवाना हूँ
पत्थर को मोम कर दूँ
नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ

शर्मो हया का पर्दा
दुश्वार नहीं है
अजी हल्का सा
एक पर्दा है
दीवार नहीं है

आँचल की ये दीवार तो
दीवार नहीं है
आँचल की ये दीवार तो
दीवार नहीं है
फिर आपके भी दिल में
इनकार नहीं है
इनकार जिन लबों में
इक़रार उनमें भर दूँ

अरे
मैं वो परवाना हूँ
पत्थर को मोम कर दूँ

नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ

हम वो है
ज़िन्दगी में कभी
साथ ना छोड़ेंगे
थामेंगे अगर हाथ
तो फिर हाथ
ना छोड़ेंगे

हम हाथ ना छोड़ेंगे
तूफ़ाँ से किनारों तक
हम हाथ ना छोड़ेंगे
तूफ़ाँ से किनारों तक
हम साथ ना छोड़ेंगे

धरती से सितारों तक
चाहत के सितारों से
धरती की माँग भर दूँ

अरे
मैं वो परवाना हूँ
पत्थर को मोम कर दूँ
नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ

अरे
मैं वो परवाना हूँ
पत्थर को मोम कर दूँ
नफ़रत करनेवालों के
सीने में प्यार भर दूँ

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.